an>

Title: Regarding pending road projects in Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं बिहार के नालंदा संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। एनपीसीसी मेरे संसदीय क्षेत्र में सड़क बनाने का केन्द्रीय एजेंसी है। उनके द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र में पांच सड़कें बननी थी, लेकिन पिछली बार यूपीए की सरकार थी, उस समय से आज तक वे सड़कें नहीं बन पाई हैं।

उनके नाम - हरनौत-जल गोविंद पथ (बस्ती से दैली), पैकेज संख्या : बीआर-24/101, लिंक रोड सरमेरा डीह से काजीच, पैकेज संख्या : बीआर-24/39, गोविंदपुर वाया गौस नगर, पैकेज संख्या : बीआर-24/39, राजगीर-छबीलापुर पथ से तिलैया, पैकेज संख्या : बीआर-24/92, राजगीर-छबीलापुर पथ से भियार, पैकेज संख्या : बीआर-24/92 हैं।

मैडम, यह केन्द्र सरकार की एजेंसी है और उनके द्वारा लगातार पांच-छ: साल से कार्य नहीं किया जा रहा है। वहां के ग्रामीणों में आक्रोश है कि हमारा क्या दोष है? वहां पर कार्य कराने की कार्रवाई की जाए।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जो एजेंसी है, आपकी देख-रेख में उसकी जांच भी कराई जाए और काम भी कराने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. कुलमणि सामल, और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।